तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जून 2026



11 शत-प्रतिशत उपस्थिति के संकल्प के साथ शिक्षकों...





12 मछुआरा सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री










Sanjeevani Multispeciality Hospital

संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

हेल्थकेयर क्षेत्र में सुनहरा भविष्य

आज ही संजीवनी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल से नर्सिंग कोर्स करें और पायें एक सफल करियर की गारंटी।

4 साल से लगातार सफलतापूर्ण कोर्स संपूर्ण

ADMISSION OPEN 2026-27

उपलब्ध कोर्स: OT TECHNICIAN | X-RAY TECHNICIAN | NURSING COURSE | DIALYSIS TECHNICIAN | PATHOLOGY TECHNICIAN

संजीवनी इंस्टीट्यूट क्यों चुने? अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण | अनुभवी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण | रेगुलर क्लासेस व प्रैक्टिकल | ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस से सीखने का मौका | 100% प्लेसमेंट सहायता

एडमिशन के लिए संपर्क करें 9340801080, 8602259351 | संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम (छ.ग.)



प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557


## विडंबना : 15 से 18 वर्षों बाद भी स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा

# कहीं खुले आसमान में तो कहीं झोपड़ी में पढ़ेंगे आदिवासी बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केन्द्र व राज्य सरकार विशेष पिछडी कमार जनजाति आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए दर्जनों योजनाए चला रही है। लेकिन क्या धरातल में सरकार की योजनाओं का लाभ कमार जनजाति के ग्रामीणों को मिल पा रहा है या नहीं, इसे देखने वाला कोई नहीं है। आज आजादी के 79 वर्षो बाद भी गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के पहाडी गांव के ऊपर बसे कमार जनजाति आदिवासी के बच्चों को पढाई करने के लिए स्कूल भवन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। दुरस्थ वनांचल और पहाड़ी गांव के हवाला देकर अफसर भी इन गांवों तक नहीं पहुंच पाते जिसके कारण पिछले 15 से 18 वर्षों से कई स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और यहां के कमार बच्चे कहीं पेड़ के नीचे तो कहीं झोपड़ी में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के पहाड़ी के ऊपर बसे आश्रित ▶▶|शेष पेज 10 पर

### पहाडी के पर बसे होने के कारण विभाग के अफसर नहीं पहुचते गांव तक







### ताराझर प्राथमिक शाला लगती है झोपडी में

कुल्हाडीघाट ग्राम पंचायत से लगभग 20 किलोमीटर दूर ताराझर पहाड़ी के ऊपर बसा है। यहां प्राथमिक शाला में कुल 21 बच्चे पिछले सत्र में अध्यनरत थे और स्कूल भवन निर्माण कार्य पिछले 15 से 18 वर्षों से अधूरा पडा हुआ है, स्कूल भवन निर्माण कार्य लेंटर लेवल तक करने के बाद अधूरा छोड दिया गया है। ऐसा क्यों हुआ, यह न तो स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारी कुछ बता पा रहे हैं और न ही सबंधित निर्माण एजेंसी।

### क्या कहते हैं अधिकारी

सर्व शिक्षा अभियान राजीव गांधी शिक्षा मिशन के खंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे ने बताया पहाड़ी ऊपर बसे ताराझर, कुर्वापानी, भालुडिग्गी, मटाल में स्कूल भवन नहीं है। पूर्व मे राशि जारी किया गया था लेकिन स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया गया है। अभी ग्राम पंचायत द्वारा ताराझर मे स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है सभी जगह झोपड़ी या पेड़ के नीचे स्कूल संचालित हो रही है।



# स्कूल बसों की जांच में 45 संचालकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशा-निर्देशों एवं छत्तीसगढ़ राजपत्र के अधिसूचना के तहत जिले में स्कूल बसों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। स्कूल बसों के लिए निर्धारित सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं परमिट शर्तों के अनुरूप 15 जून को परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला सेनानी कार्यालय के संयुक्त टीम द्वारा स्कूल बसों की जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पंजीकृत कुल 75 स्कूल बसों में से 30 बसों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस चालकों एवं परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वहीं जिला सेनानी कार्यालय द्वारा बसों में लगे अग्निशमन यंत्रों के उपयोग एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। परिवहन विभाग द्वारा बसों के सभी आवश्यक दस्तावेजों जैसे प्रदूषण प्रमाण पत्र, कर (टैक्स), बीमा, फिटनेस तथा परमिट दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 45 बसें अनुपस्थित रहने पर स्कूल बसों के संचालकों को नोटिस जारी किया गया गया।

## खबर संक्षेप



### ग्राम रक्सी में गहरीकरण व पचरी निर्माण का भूमिपूजन

**रसेला।** ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के आश्रित ग्राम रक्सी के शीतला तालाब में गहरी करण और पचरी निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, सरपंच सरिता ध्रुव, उपसरपंच नारायण ध्रुव, पंच रूपा बाई, धान बाई, मकरम ठाकुर, परसराम, घनाराम, कमल ध्रुव, दुष्यंत ठाकुर सहित विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन का कार्य किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और स्थानीय निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का विकास करना। इस दौरान जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि पचरी बनने से तालाबों का कटाव रूकता है, और लोगों के लिए निस्तार (कपड़े धोने, पानी भरने) की बेहतर व्यवस्था हो जाती है। इस मौके पर जनप्रतिनिधि सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा

**अभनपुर।** केन्द्र सरकार में निर्वाचित प्रधानमंत्री के रुप में 12 वर्ष का सर्वाधिक लम्बा समय पूरा करने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केन्द्री में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू द्वारा जनसंपर्क कर ग्रामवासियों को केन्द्र सरकार के 12 वर्षों के उपलब्धियों पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि देश भर में मंत्री, सांसद और विधायक कहीं ना कहीं गांव बस्ती में पहुंचकर केन्द्र सरकार की योजनाओं को जनता के समक्ष रख रहें हैं। प्रधानमंत्री के रुप में में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष की यात्रा सबको प्रेरित करने वाली है। छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी अंचल के दंतेवाड़ा जिले में आयुष्मान योजना का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान डॉ निमई विश्वास, नेतराम साहू, तुलाराम साहू, कामता साहू, भरत बैस, खुमान साहू, राकेश साहू, बिसहत साहू, रामू साहू, झड़ी राम पटेल, संदीप बैस, रोहित कुर्रे, कमलेश साहू, कोमल साहू, वीरेन्द्र साहू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष का दौरा आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) योगेश दत्त मिश्रा 16 जून को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान न्यू सर्किट हाउस महासमुंद में प्रातः 11 बजे से स्थानीय उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि बैठक के पश्चात अध्यक्ष मिश्रा सर्किट हाउस में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे।

# 45 लीटर अवैध शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर




गरियाबंद जिले के थाना देवभोग पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रथम प्रकरण में 14 जून को ग्राम खुंटगांव चेकपोस्ट नाका के पास पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से उड़ीसा निर्मित अंग्रेजी एवं महुआ शराब बरामद हुई। जांच में आरोपी का नाम कृ कोदंडो दास पिता शंकर दास उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम माड़ागांव माहुलपारा, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद निवासी होना गया। आरोपी के कब्जे से उड़ीसा निर्मित 22 नग बीयर (प्रत्येक 500 एमएल), उड़ीसा निर्मित लाल घोड़ा छाप 50 नग महुआ शराब पाउच (प्रत्येक 200 एमएल), कुल 21 बल्क लीटर शराब कीमत 6,460/- जब्त की गई। दूसरे प्रकरण में पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम सेंदमुड़ा पुल के नीचे उड़ीसा मार्ग पर अवैध रूप से महुआ शराब विक्रय हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर कार्यवाही की गई तथा एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम टेसराम यादव पिता लखन यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम डूमरबहाल, थाना देवभोग, जिला गरियाबंद बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से उड़ीसा निर्मित घोड़ा छाप महुआ शराब पाउच 120 नग (प्रत्येक 200 एमएल), कुल 24 बल्क लीटर शराब कीमत 6,000/- ▶▶|शेष पेज 10 पर

# कथित फर्जी एफआईआर के खिलाफ ग्रामीण ने निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

थाना फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलझर निवासी योगेश्वर साहू ने अपने विरुद्ध दर्ज कथित फर्जी एफआईआर एवं पुलिस की एकतरफा कार्रवाई के विरोध में राज्यपाल के नाम आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने मामले में निष्पक्ष जांच कराने तथा उचित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फुलझर निवासी योगेश्वर साहू, पिता डीहूराम साहू ने आरोप लगाया है कि गांव के संतु ध्रुव, घनश्याम सेन एवं मानिक यादव के उकसावे पर नरोत्तम ध्रुव द्वारा थाना फिंगेश्वर में उनके खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी-एससी) अधिनियम की विशेष धाराओं के तहत झूठा मामला दर्ज कराया गया है। योगेश्वर साहू का कहना है कि थाना प्रभारी फिंगेश्वर द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच किए बिना ही एकतरफा कार्रवाई की गई। उन्होंने दावा किया कि जिस समय घटना होने की बात कही जा रही है, उस दौरान वे घटारानी मंदिर परिसर स्थित अपनी चाय दुकान में मौजूद थे। इसके बावजूद उन्हें मामले में आरोपी बनाया गया। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने राज्यपाल कार्यालय के अलावा पुलिस महानिदेशक कार्यालय, रायपुर पहुंचकर भी शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने आवेदन की प्राप्ति रसीद भी दिखाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल को ग्राम फुलझर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। घटना ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पारागांव-इंदिरा मार्केट क्रॉसिंग बना डेंजर जोन, हादसों की बढ़ी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



रायपुर-गरियाबंद मार्ग पर नेशनल हाइवे 130 में महानदी पुल से पहले पारागांव-इंदिरा मार्केट क्रॉसिंग इन दिनों शहर का सबसे खतरनाक डेंजर जोन बन गया है। इस हाइवे में गाड़ियां फर्राटे से दौड़ती है लेकिन यह नही देखा जाता कि पुल के पहले ये क्रासिंग पड़ता है जहां गाड़ियां सीधे रोड को क्रास करते हुए दूसरी ओर निकल जाती है। ये एक ऐसा जंक्शन है जहां न तो कोई चौड़ी बना हुआ है और न ही कोई पुलिस के जवान यहां डयुटी में होते है। इसलिए लोग अपने मनमर्जी चलाते है। इन दोनो ओर से निकलने वाली गाड़ियां डायरेक्ट रोड को क्रास करते हुए या तो सीधा एक दूसरे के साइड में घुसती है या फिर लेफ्ट की ओर रायपुर और राइट में महानदी पुल की ओर घुम जाती है। ऊपर से तुर्रा यह कि रायपुर-राजिम चलने वाली मिनीबसें बीच रोड में खड़ी कर सवारी बिठाती है और उतारती भी है। इससे भी यहां पर व्यवधान उत्पन्न होता है। प्रतिदिन यहां से बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, लेकिन यातायात व्यवस्था और स्पष्ट दिशा- निर्देश के अभाव में दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। यह चौक रायपुर-गरियाबंद मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण हमेशा व्यस्त रहता है। गरियाबंद की ओर से आने वाले वाहन अचानक इंदिरा मार्केट की ओर मुड़ जाते हैं तो कई वाहन सीधे रायपुर की दिशा पकड़ लेते हैं। वहीं रायपुर से आने वाले वाहन कभी गरियाबंद मार्ग की ओर तो कभी पारागांव अथवा इंदिरा मार्केट की दिशा में कट मार देते हैं। इसी प्रकार इंदिरा मार्केट से निकलने वाले अधिकांश वाहन भी बिना किसी निश्चित लेन व्यवस्था के कभी महानदी पुल की ओर तो कभी रायपुर मार्ग की तरफ मुड़ जाते हैं। स्थिति यह है कि इस चौक पर पहुंचते ही वाहन चालकों को अपनी रफ्तार कम कर पूरी तरह सतर्क होना पड़ता है।

## भोलेनाथ के दिव्य स्वरूप को देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# कुलेश्वरनाथ महादेव का अलौकिक शृंगार, दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तीर्थनगरी राजिम के पवित्र त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित भगवान भोलेनाथ के प्राचीन एवं विश्वविख्यात श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर विशेष शृंगार किया गया। भोलेनाथ का यह मनोहारी और दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। अलौकिक शृंगार के दर्शन करते ही भक्त, भाव-विभोर हो उठे। पूरे क्षेत्र में दिनभर श्री कुलेश्वर महादेव के इस अदभुत शृंगार की चर्चा होती रही। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूर-दराज के गांवों तथा विभिन्न जिलों से पहुंचे भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर अपने परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। कुलेश्वर महादेव मंदिर की महिमा केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि देश भर के श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के वनगमन काल के दौरान माता सीता ने स्वयं इस शिवलिंग की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी। यही कारण है कि यह मंदिर धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। तीन पवित्र नदियों- महानदी, पैरी और सोंढूर-के संगम के मध्य स्थित यह मंदिर अपनी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण भी विश्वभर में पहचान रखता है। चारों ओर जलधारा और बीच में विराजमान भगवान कुलेश्वर महादेव का दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करता है। संगम के मध्य ▶▶|शेष पेज 10 पर

### श्रावण मास और राजिम कुंभ में उमड़ती है भारी भीड़



विशेष रूप से महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की इतनी अधिक भीड़ उमड़ती है कि एक किलोमीटर तक लंबी कतारें लग जाती हैं और मंदिर तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। इसके बावजूद भक्तों का उत्साह और आस्था कम नहीं होती। धार्मिक विद्वानों का मानना है कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर कुलेश्वर महादेव के दर्शन करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। सोमवती अमावस्या पर किए गए इस दिव्य शृंगार ने एक बार फिर कुलेश्वर महादेव मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा और धार्मिक महत्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि त्रिवेणी संगम के मध्य विराजमान भगवान कुलेश्वर महादेव के इस अलौकिक स्वरूप के दर्शन मात्र से मन को अदभुत शांति और ऊर्जा की अनुभूति होती है। भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंच रहे हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है।




# सोसायटियों में खाद-बीज की किल्लत जनक ध्रुव बोले- जल्द सुधरे व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज सहकारी सोसायटी खोखमा, अमलीपदर एवं क्षेत्र के विभिन्न सोसायटियो का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा किया किसानो ने बताया की पर्याप्त मात्र में खाद बीज नहीं मिल रहा है जिसके कारण किसान बेहद परेशान है। विधायक जनक ध्रुव ने किसानों को आश्वस्त किया कि इस मामले को लेकर जल्द ही आंदोलन करेंगे। विधायक जनक ध्रुव ने चर्चा मे कहा की खेती-किसानी के सीजन की शुरुआत के साथ ही किसानों को खाद–बीज की कमी और बढ़ती महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए श्री ध्रुव ने कहा कि किसानों को समय पर पर्याप्त खाद और बीज ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पर्यटन स्थल पैरीघूम्मर को संवारने आगे आए ग्रामीण, चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पैरीघूम्मर में रविवार को स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रमदान के माध्यम से जलाशय परिसर और आसपास फैली गंदगी एवं प्लास्टिक कचरे की साफ-सफाई की गई। वहीं पुलिस ने पर्यटन स्थल पर नशाखोरी और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए विशेष निगरानी अभियान शुरू किया है। पैरीघूम्मर की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित रखने के उद्देश्य से आसपास के ग्रामीणों ने एकजुट होकर श्रमदान किया। अभियान के दौरान परिसर में बिखरे प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्र कर साफ किया गया। प्रशासन ने ग्रामीणों की

## पर्यटन स्थल पर नशाखोरी के खिलाफ पुलिस का अभियान





**नशे के परिवहन पर भी रहेगी सख्त निगरानी**

पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि पैरीघूम्मर पर्यटन स्थल में शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के परिवहन, सेवन और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए नियमित चेकिंग और निगरानी अभियान जारी रहेगा।

इस पहल को पर्यटन संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया है। इधर, पर्यटन स्थल पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। विशेष चेकिंग अभियान चलाकर नशे का सेवन करने, शराब और अन्य मादक पदार्थों का परिवहन करने तथा हुड़दंग मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे पैरीघूम्मर की प्राकृतिक छटा का आनंद लेते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। प्लास्टिक और अन्य कचरे को निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें तथा पर्यटन स्थल को साफ-सुथरा और प्रदूषणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान



**नवापारा-राजिम।** श्री सत्यनारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री कंसारी समाज एवं श्री सत्यदेव युवा संगठन के तत्वावधान में लगातार सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग भी पहुंचे और रक्तदान किया। इस अवसर पर पालिका के सभापति सहदेव कंसारी, राजकुमार कंसारी, सरोज कंसारी, डॉ. तेजेंद्र साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू ने रोहित साहू से की मुलाकात



सुरसाबांधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने विधायक रोहित साहू से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें कमल पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है तथा विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत कर रहा है। विधायक रोहित साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका जनसेवा, राष्ट्रहित और विकास के प्रति समर्पण ही उन्हें देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में स्थापित करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

### घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत के लिए मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। बड़ौदा आरसेटी के निदेशक ने बताया कि 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत प्रशिक्षण कार्यक्रम पंजीयन के पश्चात प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदन एवं पंजीयन की अंतिम तिथि 29 जून 2026 निर्धारित की गई है।

## मौसम : उदंती के जंगलों में पाया जाता है हवा में उड़ने वाला दुर्लभ सांप

# मानसून से पहले वनांचल में बढ़ा सर्पदंश का खतरा, बिलों से निकल रहे हैं जहरीले जीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अभी मानसून ठीक से प्रारंभ भी नहीं हुआ है और गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने लगी है। बारिश के बाद उमश के कारण बिलो के अंदर से जहरीले जीव जंतुओ सर्प बिच्छु निकल रहा है और सर्प बिच्छुओ से बचने के लिए वन विभाग द्वारा बकायदा लोगो को सतर्क किया जा रहा है साथ ही इस संबंध मे प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में सर्पो के 40 से अधिक प्रजातियां दर्ज की गई है इसमें से कई सर्प अत्यंत विशैले है जबकि कुछ बेहद दुर्लभ और पूरी तरह विशहीन। यहां पूर्व में किये गये सर्प के सर्वे न सिर्फ जिले के जैव विविधता को रेखांकित करता है बल्कि यह क्षेत्र में वन्यप्राणी संरक्षण की अहमियत को भी सामने लाता है। सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी है कि किंग कोबरा जैसी सबसे बड़ी प्रजातियां यहां नही पायी गई है लेकिन इससे भी अत्यंत जहरीले सर्प यहां मौजूद है। सर्प प्र—ति के कुछ बेहद खूबसूरत और आवश्यक संरचना मे से एक है लेकिन इनसे जुड़ी किस्से-कहानियों के कारण सदियों से लोगों का इनसे डरना स्वाभाविक हो गया है, इसके विपरीत हमारे आसपास रहने वाले कई प्रजाति विश्हीन होते हैं और उनसे मानव जीवन को किसी भी प्रकार की हानि नहीं होती , आइए सपोंर् के बारे में कुछ अहम तथ्य हम जाने। पिछले कई वर्षो से जहरीले व अन्य प्रकार के सर्प को घरो से पकडकर जंगल तक सुरक्षित छोडने का कार्य करने वाली नोवा नेचर वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष एम सुरज कुमार ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि पुरे छत्तीसगढ प्रदेश के 06 अलग अलग जिलों गरियाबंद, दुर्ग, रायपुर,कवर्धा, बीजापुर, राजनांदगांव में हमारें नोवा नेचर वेलफेयर सोसाईटी द्वारा पिछले 13–14 वर्षो से सर्प बचाने का कार्य कर रही है और इस कार्य में 24 घंटा लगभग 50 से 60 लोग लगे हुए है, उन्होने आगे बताया सभी सर्प वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित है, और इसकी जानकारी वन विभाग को देने के बाद सर्पो को पकडकर सुरक्षित रहवास में छोडा जाता है, हमारें संस्था द्वारा अभी तक लगभग 25 हजार से अधिक सर्प को नागरिको के घरों से पकडकर जंगल में सुरक्षित छोडने का कार्य किया है।



**उडने वाला दुर्लभ सांप भी उदंती में पाया जाता है**

गरियाबंद जिले के उदंती के जंगलो में बेहद दुर्लभ प्रजाति के कुछ सांप जैसे ओरनेट फ्लाइंग स्नके अपने शरीर को चपटा कर एक पेड से दुसरे पेड तक ग्लाइड करते है कई बार देखा गया है कि वो 50-100 मीटर तक ग्लाइड कर सकते है यह सांप बेहद दुर्लभ होता है और उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में बडी संख्या में पाए जाते है। उन्होने बताया की क्षेत्र में सामान्य कोबरा, सामान्य करैत, धमना, डोडिया, हरा डोडिया, पठेर, चित्ती, टहिराज, जाड़ा, पोकोजाड़ा, शारूनाग, जुड़महमंडल, अहिराज, अजगर, पिरपिटी, लता, अंधा, चिंगराज, काले सर वाला व अनेक प्रजाति के सांप पाए जाते है।

**जिले में किंग कोबरा नहीं, पर मौजूद हैं बेहद जहरीले सर्प**

अध्यक्ष एम सुरज कुमार ने बताया की उनके द्वारा अकेले लगभग 10 हजार से ज्यादा सर्प पकडे जा चुके है, वर्ष 2004 से संस्था का गठन किया गया है, और एक वर्ष पहले तक पुरे छत्तीसगढ प्रदेश मे 32 प्रजाति के सांप पाए जाते थे, श्री सूरज ने बताया कि पुरे छत्तीसगढ प्रदेश में 75 प्रजाति के सरीसृप मिले है जिसके लिए एक पुस्तक भी बनाया गया है इसमें 40 प्रजाति के सर्प पाये गये है ऑर्नेट फ्लाइंग स्नेक, वाईन स्नेक, सा स्केल्ड वाइपर, किंग कोबरा बेहद कम मिलने वाले और दुर्लभ सर्प, किंग कोबरा के संरक्षण में काम चल रहा है मध्यभारत में छत्तीसगढ का कोरबा एक ऐसा जिला है जंहा किंग कोबरा मिलता है इनके संरक्षण के लिए संस्था वन विभाग के साथ मिलकर काम कर रही है, उन्होने आगे बताया कि सबसे विशैले सर्प स्पेक्टेक्ल्ड कोबरा ( भारतीय नागं) कॉमन करैत ( सामान्य करैत) रसल वाइपर ( जुडा महामंडल) इनको छोडकर और भी विशैले सर्प है जैसे अहीराज, किंग कोबरा लेकिन इनके कोई बाइट कैस अब तक नही आए है।

# भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं बल्कि अंत्योदय सेवा : राजेश साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सफल एवं ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल मलेवाअचल में पहला दिन प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, महामंत्री नारायण सिन्हा, मंत्री भुवेन्द्र मरकाम सहित विशेष पिछड़ी जनजाति से ग्राम ढूनढूनी पानी के निवासी रामसिंग, केजूराम, देवन्तीन बाई,बीजापानी में गजसिह सेवानिवृत्त पंचायत सचिव व समाज प्रमुख, ग्राम कुडेरादादर से सेवानिवृत्त पटवारी पवन कोमर्रा, ग्राम रूवाड से प्रताप ठाकुर यूट्यूबर वहीं ग्राम रसेला बेल्डीह से कुबेर बारिक समाज प्रमुख, देवकुमार मार्कंडेय समाज प्रमुख के साथ विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क किया। राजेश साहू ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों में देशहित एवं जनकल्याण के



लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, साथ ही उपस्थित प्रबुद्धजनो से उनके सुझाव एवं विचार भी प्राप्त किए। जनसंपर्क अभियान के दौरान दूसरे दिन ग्राम रसेला में सफल कृषक व ग्राम प्रमुख डी आर यादव, ग्राम रसेला में चल रहे एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण व सिलाई मशीन प्रशिक्षण केन्द्र, महिला बिहान समूह रसेला के अध्यक्ष परमेश्वरी ताण्डी और भाजपा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता धनेश ठाकुर सहित क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित जनों को श्रीफल भेंट कर उनके योगदान की सराहना की गई।

# राज्यपाल ने अभनपुर व खोरपा अस्पताल को किया सम्मानित



**अभनपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छग लोकभवन में आयोजित सम्मान समारोह में राज्यपाल श्री डेका ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर को सम्मानित किया है। यह सम्मान रक्तदान शिविरों के सफल आयोजन एवं रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है । संस्था की ओर से ग्रामीण चिकित्सा सहायक डी एस नेताम एवं एम.एल.टी. देवानंद साहू ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने संस्था के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# छुरा में सोसायटी महासंघ की बैठक, सूखत का भार समितियों पर डालने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सोसायटी महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय विश्राम गृह में महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सहकारी समितियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, किसानों की समस्याओं तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समिति अध्यक्षों ने कहा कि समितियों में हुए सूखत (क्षति) का भार समितियों पर डालने के बजाय शासन स्तर पर समन्वय कर उसका उचित समाधान किया जाना चाहिए। कई समितियों में अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों की बातों को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा है, जिससे कार्य संचालन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। बैठक में किसानों को जैविक खेती के प्रति जागरूक करने तथा नैनो यूरिया, डीएपी एवं अन्य जैविक खादों के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। महासंघ द्वारा समिति स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया ताकि किसान आधुनिक एवं पर्यावरण हितैषी खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। इस दौरान जानकारी दी गई कि आगामी 23 जून को रायपुर के विज्ञान भवन में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जैविक खेती एवं जैविक खादों के उपयोग पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर के जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित समिति अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, वेशनारायण ठाकुर, महासचिव जनकराम श्रीवास, सह सचिव बल्ला सिंह मस्काम, कोषाध्यक्ष ललित साहू, संरक्षक तिहार सिंह ठाकुर सहित धनीराम साहू, छन्नूलाल साहू, अश्वनी विश्वकर्मा, बंशीलाल रात्रे, कोमल बीडी, इतवारी सिन्हा, गोपचंद बनर्जी, लीकम साहू, ओमप्रकाश साहू, चिमन तारक, बाबूताल साहू, चतुरराम साहू, महेश कुमार साहू, मोहन सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, हिरामण ध्रुव, रोहित जगत, टीकम सोरी, पंचराम ठाकुर एवं हरिश्चंद्र सहित बड़ी संख्या में समिति अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन किसानों के हित में सामूहिक रूप से कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

## पेज 9 के शेष...

### कहीं खुले...

ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, भालूडिग्गी में 15 से 20 वर्ष पहले प्राथमिक स्कूल तो खोला गया है लेकिन भवन का निर्माण आज तक नहीं किया गया है, जिसके कारण खुले आसमान के नीचे या फिर झोपडी में पढ़ने को विवश हैं। **कुर्वापानी और भालूडिग्गी में रसोइया के घर के आंगन में स्कूल**-कुल्हाडीघाट पंचायत का ही आश्रित ग्राम कुर्वापानी और भालूडिग्गी प्राथमिक शाला भवन आज तक नहीं बना। स्कूल भवन के लिए राशि जारी होने के बाद भी बच्चों को स्कूल भवन नहीं बना तो मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइया के घर के आंगन में स्कूल की कक्षाएं संचालित हो रही है।

**सरपंच ने बताया हाथियों ने तोड़ा स्कूल भवन**- कुल्हाडीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया कि भालूडिग्गी मे एक भवन टिनशेड लगाकर बनाया गया था जिसे दो साल पहले जंगली हाथियो के दल ने तोड़ कर तहस -नहस कर दिया। ताराझर मे स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है, बाकी पहाड़ी गांव मे स्कूल भवन नहीं है।

### 45 लीटर...

बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना देवभोग में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपीगण को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

### कथित फर्जी...

के संबंध में दोनों पक्षों द्वारा थाना फिंगेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। योगेश्वर साहू का आरोप है कि घटना में शामिल नहीं होने के बावजूद उनके विरुद्ध एसटी-एससी एक्ट की विशेष धाराएं लगाई गई हैं। वर्तमान में वे जमानत पर हैं।

### कुलेश्वरनाथ महादेव...

स्थित होने के कारण इस मंदिर की भव्यता और महत्ता और भी बढ़ जाती है। मालूम हो कि श्रावण मास के दौरान यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। शिवभक्त जलाभिषेक, रुद्राभिषेक तथा विशेष पूजन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहता है। वहीं प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राजिम कुंभ कल्प मेले के दौरान कुलेश्वर महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र बन जाता है। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस मेले में लाखों श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचते हैं।

### सोसायटियों में...

उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे खेती की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं उन्होंने कहा कि किसान इन दिनों खेतों की जुताई-बुआई और अन्य कृषि कार्यों में व्यस्त हैं, लेकिन खाद-बीज की किल्लत के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने कृषि कार्यों की लागत में भी भारी वृद्धि कर दी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि ईंधन के बढ़ते दामों का असर केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवहन खर्च बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सीधा प्रभाव आम जनता की जेब पर पड़ रहा है और महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्र में खाद–बीज उपलब्ध कराया जाए तथा पेट्रोल डीजल की कीमतों को नियंत्रित कर आम जनता और किसानों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसानों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं, जिसका असर कृषि उत्पादन पर भी पड़ेगा और इस मामले को लेकर आंदोलन किया जायेगा।

## मोदी के नेतृत्व में एक समृद्ध और सशक्त भारत का हो रहा निर्माण

# 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल : डॉ. विजय शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से उनको बहुत-बहुत बधाई देते हुए भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी खुद को प्रधानमंत्री नहीं, प्रधान सेवक कहते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूलमंत्र मानते हुए दिन और रात 140 करोड़ भारतवासियों की सेवा करते हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने गरियाबंद जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। ऐसे नए भारत का निर्माण प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हुआ है। 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश के विकास के लिए अद्भुत काम किए हैं। अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

**छत्तीसगढ़ में रेलवे और पीएम आवास पर ऐतिहासिक काम**- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल में उतारने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री मोदी के संवेदनक्षम नेतृत्व का आभार माना और कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि यहां पर हमारी सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के संचालन में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम लोगों ने 18 लाख परिवारों, जो पिछली सरकार में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो गए थे, उनको भी 2 साल में आवास देने का काम किया है। 10.60 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने की दिशा में काम करते हुए रोज 1600 प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। 10.08 लाख आवास ढाई वर्षो के अंदर में बने हैं। इसी प्रकार किसान क्रेडिट कार्ड के तहत छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी बैंक द्वारा ऋण दिया जा रहा है, जिससे हमारे यहां के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ का रेलवे बजट भी लगातार बढ़ा है। 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का रेलवे का काम छत्तीसगढ़ में चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई सफर करें इसके लिए उड़ान योजना के तहत छत्तीसगढ़ में भी सेवाएँ शुरू की गई है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, मुकेश तिवारी, अंकित द्विवेदी, वात्सल्य मूर्ति, भी उपस्थित थे।

### शिलान्यास भी हमारा और उद्घाटन भी हमारा: डॉ. मिश्रा




भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 तक की हमारी यह 12 वर्ष की यात्रा निरंतर 'प्रगति पथ पर अग्रसर' रही है। हमने 'सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित भारत' का जो संकल्प लिया था, वह आज पूरी तरह साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्पष्ट कहना है कि विकास हमारे लिए 24 घंटे, सातों दिन और 12 महीने चलने वाला मिशन है। आज हमारी कार्यसंस्कृति बदल चुकी है, अब 'जिसका शिलान्यास हम करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं। पिछले 12 वर्षों में, हमने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर कंक्रीट, स्टील, ऑप्टिकल फाइबर और लाखों करोड़ों रुपये के निवेश के रूप में उतरते देखा है। भाजपा प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश का विकास तो हुआ ही है, साथ ही हमारी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव को भी एक नया मुकाम मिला है। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पाते हुए राजपथ का नाम 'कर्तव्य पथ' किया गया और इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा लगाई गई।

## खबर संक्षेप



### रोहित साहू ने गौ सेवक लक्ष्य किया सम्मान

**फिंगेश्वर।** नगर में गौ सेवा समिति के निस्वार्थ सेवा कार्य,गौ माता के उपचार एवं नगर में घुमंतू गौ माता के अंतिम संस्कार जैसे सराहनीय कार्यों के निष्पादन की जानकारी होते ही राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू स्वयं समिति के सदस्य लक्ष्य शर्मा के घर पहुंच सौजन्य भेंट कर सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी महिला पदाधिकारी जिन में मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, राजू साहू, पार्षद जगदीश यादव, भाजपा मंडल महामंत्री भुवन साहू, राधेश्याम साहू, जनपद सदस्य संतोषी श्रीवास्तव, पदमा यदु, पार्षद शांति कोशरे, पार्षद सीमा ठाकुर, श्रीवास्तव,हिमांशु सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : फिंगेश्वर गायत्री मंदिर में 5 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण शिविर का समापन**

# कर्म, व्यवहार और व्यक्तित्व से होती है इंसान की पहचान : चंदूलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर पूरे देश में विविध रचनात्मक कार्य एवं व्यक्तित्व निर्माण हेतु शिविर का आयोजन किया जाता है जिसके तारतम्य मे गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में भी 5 दिन तक व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन सफतलता पूर्वक संपन्न हुआ।

आयोजन के समापन दिवस पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू उपस्थित थे। वहीं पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गायत्री परिवार के सदस्य रामू राम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष धनराज राजेंद्र सूर्यवंशी, पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ नेता, ओमप्रकाश बंछोर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद माता गायत्री के महामंत्र एवं पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत रोली चंदन एवं पीला चावल लगाकर गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य तिथि चंदूलाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के माध्यम से पूरे देश के साथ-साथ पूरे विश्व में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। इस तारतम में यहां पर व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से महान नहीं होता। उनकी पहचान उनके कर्म व्यवहार और व्यक्तित्व के आधार पर होता है।

### प्रशिक्षक दल और परिजनों का सम्मान, भविष्य में होगा महायज्ञ



व्यक्तित्व निर्माण शरीर में श्रेष्ठ कार्य करने वाले सभी परिजनों का भी सम्मान किया गया जिसमें नायक बांढा अभनपुर से 5 दिन तक 12 बच्चों को लेकर उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक नरोत्तम साहू एवं दंपति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर के समन्वयक हेमलाल साहू सेवानिवृत्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 5 दिन तक चलने वाला शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। नशा जागरूकता अभियान के लिए कल नगर में निकल गए रैली काफी प्रशंसनीय रहे हैं आने वाले समय मे फिंगेश्वर में विशाल गायत्री महायज्ञ का भी आयोजन होगा जो आप सबके सहयोग से संपन्न होगा। सभी के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन युग पुरोहित परमानंद यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साह, रामू राम साहू,भागवत हरित, धनराज सूर्यवंशी ,ओमप्रकाश बंछोर, एचएल साहू, परमानंद यादव, जगदीश साहू, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, रमा साहू बिलासपुर, सावित्री सकरी बिलासपुर, नरोत्तम साहू, नायक बांढा, रोशन देवांगन, हर घनाराम, नारायण राम साहू, चिंता राम साहू, अर्जुन सिन्हा, विश्वकर्मा महासमुंद, पूर्णिमा यादव, सुमित्र बहन, देवेंद्र सिंन्हा, राधेश्याम शर्मा सहित गायत्री परिवार के पूरे अंचल से सदस्य गण परिजन एवं युवक तथा युतियां बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत उपस्थिति के संकल्प के साथ शिक्षकों का ग्राम भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के सफल शुभारंभ एवं शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के संस्था प्रमुखों द्वारा एक दिवस पूर्व व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पूरे ग्राम में मोटर साइकिल एवं स्कूटी में लाउडस्पीकर लगाकर शिक्षा संबंधी प्रेरणादायक गीतों एवं संदेशों का प्रसारण किया गया। ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों, मोहल्लों एवं बस्तियों में जाकर ग्रामीणों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया तथा नवीन शिक्षा सत्र में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। अभियान के दौरान प्रत्येक मोहल्ले एवं घर-घर पहुंचकर प्रवेश प्रारंभ होने संबंधी पर्चियों का वितरण किया गया तथा अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को 16 जून 2026 को विद्यालय भेजकर शिक्षा सत्र का शुभारंभ करें। इस जनजागरूकता अभियान में प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल एवं ओमप्रकाश वैष्णव द्वारा सतत एवं विशेष प्रयास किए गए। दोनों शिक्षकों ने ग्राम भ्रमण कर शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने तथा विद्यालय में अधिकाधिक बच्चों के प्रवेश एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुकरणीय कार्य किया। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी एवं जनहितकारी प्रयास बताया। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि इस अभियान के परिणामस्वरूप नवीन शिक्षा सत्र में बच्चों की उपस्थिति एवं नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# गजेन्द्र यादव के जन्मदिन पर फल व साड़ी वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर




छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा ग्राम उद्योग विधि एवं विधयी कार्य कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के जन्मदिन के अवसर पर गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में यादव समाज द्वारा धुमधाम के साथ मनाई गई। यादव समाज जिला उपाध्यक्ष गेंदु यादव के नेतृत्व में सुबह पैरी उद्गम पहुंचकर पूजा अर्चना किया गया। साथ ही अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया गांव के ग्रामीण बच्चो को खिलौने और पेन कापी वितरण कर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम 6 बजे समाज भवन मे एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में यादव समाज महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धनमति यादव, यादव समाज जिला उपाध्यक्ष गेंदु यादव के साथ ही वरिष्ठजन उपस्थित थे। इस दौरान 10 किलो का केक काटकर तथा जमकर आतिशबाजी किया गया और 100 से ज्यादा महिलाओ को साड़ी वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गेंदु यादव, धनमति यादव, राधाबाई यादव, कुमारी यादव, हराबाई यादव, रेखा यादव, फुलमति यादव, कौशिल्या यादव, मंगलवारी, शकुंतला यादव, सोहद्रा यादव, दयाराम यादव, हेमलाल यादव, श्यामलाल यादव, पीलाराम यादव, शांतुराम यादव, सुकराम यादव, अवध यादव, सुकदेव यादव, सरिता बाई, दुर्गा, कुंती बाई, मंगलीबाई, चंद्रिका बाई, गोमति बाई, नुआदी बाई, भूमिका कश्यप एवं बड़ी संख्या मे यादव समाज व सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

### बुजुर्गों का हुआ सम्मान, रोपे पौधे, बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



सर्व यादव समाज द्वारा प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुजुर्ग पुरुषों एवं महिलाओं का गमछा भेंट कर सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में यशवंत यादव, रामकुमार यादव, राजेश यादव, हरीश यादव, गोविंद यादव, प्रहलाद यदु सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण, फल वितरण एवं सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के सदस्यों ने बताया कि सर्व यादव समाज अपने सामाजिक एवं सामुदायिक मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय रहता है। प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के जन्मदिन के अवसर पर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान गांवों में विविध आयोजन हुए, जिनमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और दोनों नेताओं के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# पीएम श्री स्कूल के छह दिनी समर कैंप में निखरी बच्चों की प्रतिभा, हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- रचनात्मक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय गतिविधियों से बच्चों ने निखारी प्रतिभा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सोमवारी बाजार, नवापारा में आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का समापन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को सीखने, सृजन करने और अपनी छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिला। छह दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समर कैंप के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों को कंप्यूटर की सामान्य जानकारी दी गई तथा टॉय मेकिंग, मुखौटा निर्माण एवं पपेट बनाने की गतिविधियां कराई गईं। द्वितीय दिवस में नृत्य, लोकगीत एवं विभिन्न वाद्य यंत्रों की जानकारी देकर बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया। तृतीय दिवस पर योग, ध्यान-साधना तथा कैरम, लूडो और शतरंज जैसे इंडोर खेलों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में एकाग्रता, अनुशासन और खेल भावना का विकास हुआ।

**शैक्षणिक भ्रमण से मिली व्यवहारिक जानकारी-** चतुर्थ दिवस में विद्यार्थियों को बैंक, एटीएम, डाकघर एवं रेलवे स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण से बच्चों को विभिन्न संस्थाओं की कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त हुई। पंचम दिवस पर ड्राइंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, फूलों एवं मोतियों की माला बनाना तथा क्ले मॉडलिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता को नई उड़ान मिली। समापन दिवस पर इको क्लब के अंतर्गत पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। **ये रहे उपथित** कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के प्रधान पाठक युगेन्द्र खेलारे, कविता चक्रधारी, अरुणा नारंग तथा पुष्पेन्द्र कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सरपंच सहित कई गांवों के किसानों और सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन**

# 1 महीने में नहीं मिला आदिवासी परिवार को न्याय, आमरण अनशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



ग्राम खुड़ियाडीह निवासी आदिवासी किसान हीरेंद्र कंवर ने न्याय की मांग को लेकर सोमवार से वन विभाग कार्यालय छुरा के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया। तहसीलदार द्वारा अनशन खत्म करने, एवं डिप्टी रेंजर को हटाने के उच्च अधिकारी के आश्वासन से अवगत कराया, किन्तु ग्रामीण जब तक चारों लोगों पर कार्यवाही नहीं होती, रात भर रहेंगे, सुबह ग्रामीण भी आयेगे,उनका आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई कथित अवैध वसूली, फर्जी पंचनामा, चरित्र हनन और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने संबंधी शिकायतों पर एक माह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अनशन के शुभारंभ अवसर पर ग्राम खुड़ियाडीह के सरपंच सहित आसपास के 6-7 गांवों के किसान, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे तथा आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से एसडीओ और तहसीलदार द्वारा बयान दर्ज कराने की बात कही गई, लेकिन अनशनकारी हीरेंद्र कंवर और ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि जब तक दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अनशन जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित भूमि राजस्व भूमि है तथा वन विभाग द्वारा ली गई राशि बाद में वापस भी की गई है। उनका तर्क है कि राशि लौटाना स्वयं इस बात का संकेत है कि वसूली की गई थी, इसलिए मामले में केवल जांच नहीं बल्कि जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। हीरेंद्र कंवर ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, कलेक्टर, स्थानीय विधायक तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक केवल जांच के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा धरना समाप्त कराने के लिए बयान दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि मौके पर ही तथ्य स्पष्ट किए जा सकते हैं।

**यह है पूरा मामला-** ग्राम खुड़ियाडीह निवासी किसान हीरेंद्र कंवर, पिता बालमुकुंद कंवर ने आरोप लगाया है कि 14 मई 2026 को वन विभाग के कर्मचारी कमल नेताम, लक्ष्मी कोमरा, घनश्याम ध्रुव एवं हीरालाल यादव (फायर वाचर) द्वारा उनसे जबरन 35,000 की वसूली की गई। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (शिकायत क्रमांक CC260600004419) सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, कलेक्टर, डीएफओ और स्थानीय विधायक को की गई है। उनका आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के दिन 10 जून 2026 को संबंधित कर्मचारी गांव पहुंचे और सरपंच, वन अधिकार समिति तथा वन प्रबंधन समिति की वैधानिक प्रक्रिया के बिना एक कथित फर्जी पंचनामा तैयार कर उनका चरित्र हनन किया। हीरेंद्र कंवर का कहना है कि शिकायत के बाद से उन पर मामला वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है तथा झूठे प्रकरण में फंसाने और जमीन छीन लेने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। आंदोलन को समर्थन देने वालों में नोहर दीवान, खेलन सिंह ठाकुर,नरेंद्र यादव, लिलेश पटेल, लालाराम, तामेश्वर, रामेश्वर, आरती, दुर्गेश पटेल, सूर्यकांत तिवारी, रामकुमार, ईश्वर राजपूत, गुलाब सिंह, रमेश, पारसमणि, नरेश कुमार, लोकेश, उत्तम, तामेश, डीगेंद्र, मुकेश, महेंद्र, पोखराज, यशराज, मोहित, कामेश्वरी, रमेश दीवान, डायमंड कुमार, राहुल, रूपेश,, गोपालराम, मानसिंह सहित खुड़ियाडीह, परसदा, बोडराबांधा, पिपरहट्टा, दादरगांव, रुवाड़ एवं आसपास के गांवों के किसान शामिल रहे। अनशनकारी ने कहा कि वह गांधीवादी तरीके से न्याय की मांग कर रहे हैं और जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# उपजेल पहुंचे रोहित, बैरकों और रसोई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



जिला मुख्यालय स्थित उपजेल की व्यवस्थाओं का सोमवार को राजिम विधायक रोहित साहू ने औचक निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैरकों रसोईघर भंडार गृह स्टॉक रजिस्टर स्वास्थ्य सुविधाओं पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। बंदियों से सीधे बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। दोपहर करीब एक बजे उपजेल पहुंचे विधायक ने सबसे पहले विभिन्न बैरकों का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से पेयजल, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेते हुए पूछा कि शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं नियमित रूप से मिल रही हैं या नहीं। बंदियों से चर्चा के दौरान उनकी समस्याओं को भी सुना गया। निरीक्षण के दौरान विधायक रसोईघर और भंडार गृह पहुंचे, जहां उन्होंने खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था और स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बंदियों को निर्धारित मेन्यू के अनुरूप पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा खाद्य सामग्री के रखरखाव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उपजेल प्रभारी ने विधायक को वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए परिसर में अतिरिक्त बोर खनन कराने और बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों एवं आगंतुकों के लिए शौचालय निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। विधायक ने इन मांगों के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने उपजेल परिसर में निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित इंजीनियरों को निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल का समय पर निर्माण आवश्यक है।

निरीक्षण के बाद विधायक रोहित साहू ने कहा कि उपजेल की व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान कुछ कमियां सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बंदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, अजय रोहरा, सागर मयाणी, राधेश्याम सोनवानी, प्रीतम सिन्हा, सुमित पारख सहित जेल प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### उपजेल में अतिरिक्त बोर और आगंतुकों के लिए शौचालय की जरूरत

निरीक्षण के दौरान उपजेल प्रशासन ने परिसर में जल संकट की समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त बोर खनन तथा बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों के लिए शौचालय निर्माण की आवश्यकता बताई। विधायक ने दोनों प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा और सुशासन का स्वर्ण युग : चंद्रशेखर

**नवापारा-राजिम।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने इसे सेवा और सुशासन का स्वर्ण युग बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 4399 दिन का आकड़ा पार कर चुके है आज, जब



उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे हो रहे हैं, यह न केवल उपलब्धियों को याद करने का अवसर है, बल्कि उस व्यापक परिवर्तन का आकलन करने का भी अवसर है जिसने भारत को एक आत्मविश्वासी, सक्षम और आत्मनिर्भर देश के रूप में दुनिया के अग्रणी देशों में स्थान दिलाने में मदद की है। श्री साहू ने कहा कि इस अवधि में कल्याणकारी कार्यों, सुधारों, विकास और नवप्रवर्तित राष्ट्रीय आत्मविश्वास के माध्यम से भारत का स्वरूप बदल गया है। किसी राष्ट्र का इतिहास केवल वर्षों, सरकारों और घटनाओं से ही नहीं, बल्कि उन निर्णायक कालखंडों से भी आकार लेता है जो किसी राष्ट्र की चेतना, आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा को नया रूप देते हैं। ऐसे कुछ कालखंड समय के सामान्य प्रवाह से ऊपर उठकर युगांतरकारी परिवर्तन के प्रतीक बन जाते हैं। भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में, 2014 से शुरू हुआ कालखंड इतिहास में ऐसे ही एक परिवर्तनकारी युग के रूप में दर्ज हो चुका है।

### एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें : लाला साहू

**राजिम।** प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी, गिरते भूजल स्तर और असामान्य तापमान ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नौतपा और पंचक के दौरान जिस तरह से भीषण गर्मी ने लोगों को झुलसाया, उससे साफ हो गया है कि आने वाले वर्षों में



यदि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है। ऐसे समय में प्रदेश स्तर पर व्यापक पौधारोपण अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। इसी दिशा में साहू समाज द्वारा उठाया गया कदम अब चर्चा का विषय बनता जा रहा है। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आवाहन किया है, जिसका असर अब जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में पौधारोपण कर रहे हैं। नवापारा क्षेत्र में हाल ही में साहू समाज द्वारा व्यापक स्तर पर पौधे लगाए गए हैं। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि यदि सभी समाज एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें तो आने वाले वर्षों में प्रदेश फिर से हरियाली से आच्छादित हो सकता है। यह अभियान केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। पेड़ ही जीवन हैं और इन्हीं से भविष्य सुरक्षित रहेगा।

### शिक्षा व्यवस्था को दूरूस्थ करने कार्य किया जायेगा : बघेल

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय में आज सोमवार को नया बीईओ देवनाथ बघेल ने पदभार ग्रहण किया 16 जून से नये शिक्षा सत्र



प्रारंभ होना है और विभागीय कसावट लाने के लिए मैनपुर मे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी देवनाथ बघेल को सौपा गई है। कार्यभार संभालते हुए श्री बघेल ने कहा शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह दुरूस्थ करने और स्कूलो मे शिक्षको की उपस्थिति सुर्िन"चत करने तथा शिक्षा के स्तर मे सुधार करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र काफी लंबा चौड़ा है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो इसके लिए कार्य किया जायेगा। आज उन्होने बैठक लेकर कल नया शिक्षा सत्र को लेकर चर्चा करते हुए आव"यक दिशा निर्देश दिया है।

## जनसुनवाई : राजिम विधायक निवास में जनसुनवाई, विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

# दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों की रोहित साहू ने सुनीं समस्याएं, मौके पर ही दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सप्ताह के पहला दिन सोमवार को राजिम स्थित विधायक निवास में सुबह से लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचने लगे। देखते ही देखते काफी भीड़ हो गई। पहुंचने वाले क्षेत्र के लोगों में राजिम शहर सहित जेंजरा, कोमा, कुम्ही, सेम्हरतरा, परसदाकला, बोड़की, कौंदकेरा, सेमराडीह, रोहिना समेत लगभग दो दर्जन गांव के लोग शामिल थे।

हर कोई बुके फुलमाला और गुलाल लेके पहुंचे हुए थे जो विधायक रोहित साहू का सम्मान कर रहे थे। इसके साथ ही सभी के हाथो में समस्याओं से संबंधित कुछ न कुछ कागज, पत्तर नजर आ रहा था। एक-एक लोगों से बड़ी संजीदगी के साथ विधायक मिल रहे थे, उनकी समस्याओं को सुन और समझ रहे थे। जो तात्कालिक रूप से हल करने लायक था उसे तुरंत अफसरों को फोन कर निर्देश भी दे रहे थे और कुछ ऐसे सार्वजनिक काम थे जिसके लिए नोटशीट बनाया जा रहा था। विधायक से मिलने में लोगों को बहुत ही उत्साहित देखा गया। पिछले ढाई सालों से रोज कभी 5 सौ की भीड़ तो कभी हजारों की भीड़ यहां पहुंचती है। पर क्या मजाल है कि विधायक श्री साहू कभी अपना संयम और धैर्य खोया हो। इतने सारे लोगो से मिलते हुए भी उनके चेहरे में वही भाव नजर आता है। मुस्कुराते रहते है। सभी से प्यार से बात करते है और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुनते है। इस बीच रोज कोई न कोई साधु संत भी पहुंचते है। कभी-कभी दल के दल साधुओं की टोली आ जाती है। सभी के पैर पड़ते है और नारियल तथा नगद राशि देकर उन्हें संतुष्ट कर बिदा करते है। आंखो देखा हाल की बात कहें तो कई ऐसे भी साधु आते है जो सप्ताह-दस दिन पहले आए हुए होते है वे दोबारा पहुंच जाते है। उन्हें पहचान लिए जाने पर भी हंसते मुस्कुराते हुए उन्हें फिर से संतुष्ट कर भेजते है। बता दें कि सैकड़ो की संख्या में पहुंचने वाले ग्रामीणों से मिलते हुए उन्होने व्यक्तिगत कार्यों के निराकरण भी किया तो किसी ने गांव और बस्तियों में सड़क, नाली, पेयजल, भवन तथा अन्य विकास एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति की मांग की उसे भी उन्होने हामी भरी और राशि भी स्वीकृत किया।

जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए विधायक रोहित साहू ने एक-एक व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी बात गंभीरता से सुनी। सुबह शुरू हुआ यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा, लेकिन विधायक ने धैर्य और आत्मीयता के साथ सभी लोगों की समस्याओं पर ध्यान दिया। उन्होंने कई मामलों में तत्काल संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा, जबकि नीतिगत एवं प्रक्रियाधीन मामलों को नियमानुसार आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विधायक पर भरोसा जता रही है।



**आमजन का बढ़ा भरोसा**

विधायक निवास में पहुंचे लोगों ने भी अपनी समस्याओं को गंभीरता से सुनने और त्वरित पहल करने के लिए विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विधायक से सीधे मुलाकात और समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल से आमजन में विश्वास बढ़ा है। सोमवार को विधायक निवास में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण रही कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच संवाद तथा समन्वय लगातार मजबूत हो रहा है। दिनभर चली जनसुनवाई में विकास, निर्माण और जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई तथा उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल भी की गई। विधायक निवास का यह भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि विधायक श्री साहू का जनाधार दिनबदिन मजबूत होता चला जा रहा है। वह इसलिए कि जब काम हो रहा है तभी तो लोग आ रहे है। राजिम में रोज सैकड़ो लोगो की भीड़ जो विभिन्न वाहनो से पहुंचे हुए होते है यहां देखने को मिलता है।

## बिहान समूह की महिलाएं हो रही सशक्त : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर में सोमवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला समूह के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, सरपंच हेमोबाई, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव, अनुराग बाघे, नीतु साहू, दामू सोरी, उत्तम श्रीवास, नरेन्द्र ताम्रकर, पंकज मांझी, वासुदेव बीसी, धनेश्वर यादव, जगदीश निधि एव क्षेत्र के वरिष्ठजन बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा की छत्तीसगढ़ में बिहान योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाएं स्व सहायता समूह लगातार संघर्ष व मेहनत कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। आज महिला बिहान योजना के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसाय जैसे किराना दुकान, सिलाई, अगरबत्ती निर्माण शुरू करके लखपति दीदी बन चुकी है। उन्होने कहा की मुझे इस कार्यक्रम में आने का सौभाग्य मिला। अध्यक्ष नीतु साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना के तहत महिलाएं अलग-अलग स्व सहायता समूह से जुड़कर कई चीजों का उत्पाद कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम में अमलीपदर थाना प्रभारी ने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में निधि साहू, दुर्गेश प्रसाद साहू, विजय रात्रे एवं स्व सहायता समूह के महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## मछुआरा सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राष्ट्रीय मछुआरा समाज के सामाजिक चिंतन सम्मेलन में सीएम विष्णुदेव साय पहुंचे। यह जानकारी देते हुए समाज के महासचिव शरद पारकर ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्र में समाज के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज के पदाधिकारियो को बधाई दी और भरोसा दिया कि समाज के विकास के लिये हर सम्भव सरकार द्वारा सहयोग किया जाएगा। सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगो को मिले। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी, मंत्री रामविचार नेताम, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष साध्वी निरंजना ज्योति, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, राष्ट्रीय मछुआरा समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष गायत्री धीवर सहित अध्यक्ष झाड़ू राम तारक, महामंत्री शरद पारकर, उपाध्यक्ष मदन निषाद, कोषाध्यक्ष बाल्मीकी धीवर, संरक्षक रामु तारक, तुकाराम तारक उषा, मानू तारक, इशू, लता, पूर्णिमा शामिल थे।



## महिला जिम भवन का अधूरा कार्य 15 दिनों में होगा पूरा



**नवापारा-राजिम।** नगर की प्राचीन श्री महावीर बजरंग अखाड़ा सेवा समिति द्वारा निमार्णाधीन महिला जिम भवन के अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने हेतु नगर पालिका के इंजीनियर राहुल थवानी से समिति ने विनम्र निवेदन किया। इस अवसर पर इंजीनियर थवानी ने 15 दिन के भीतर अधूरे कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, अखाड़ा समिति के संरक्षक शिवकुमार पांडेय, उपाध्यक्ष गोविंद कंसारी, मीडिया प्रभारी तुकाराम कंसारी तथा महिला जिम के कार्यकारिणी सदस्य रानी निषाद, तारिणी निषाद, पल्लवी राय, ललिता कंसारी और निहारिका कंसारी उपस्थित रहे। महिला जिम भवन का निर्माण समिति द्वारा नगर की महिलाओं के स्वास्थ्य और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। अधूरे कार्य को जल्द पूरा कर महिलाओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समिति ने नगर पालिका प्रशासन से सहयोग की अपील की है। समिति का कहना है कि भवन के पूरा होते ही नगर की महिलाओं को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में व्यायाम और खेलकूद की सुविधा मिलेगी। इस पहल से नगर में महिला सशक्तिकरण और खेलकूद के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। समिति ने सभी नागरिकों से सहयोग एवं समर्थन की अपील की।



## राष्ट्र निर्माण में जीवन समर्पित करने वाले सेवानिवृत्त उत्तम सिंग का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छूरा

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए, यशस्वी प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के बेमिसाल, ऐतिहासिक एवं जन-कल्याणकारी कार्यकाल के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल छुरा द्वारा सेवानिवृत्त सम्मान किया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में राष्ट्र सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सेवानिवृत्त उत्तम सिंग ध्रुव एसडीओ को भारतीय सनातन परंपरा के अनुरूप श्रीफल एवं गमछा भेंट कर शालीन अभिनंदन किया गया। इतिहास साक्षी है कि जब-जब भारत भूमि पर कोई तपस्वी नेतृत्व अवतरित होता है, तब-तब राष्ट्र का स्वर्णिम अध्याय लिखा जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 12 वर्ष का कार्यकाल 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की उस जीवंत गाथा का नाम है जिसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का महामंत्र गूंज रहा है। इस दौरान लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति जिला पंचायत, मंडल पदाधिकारीगण रामलाल कुलदीप महामंत्री, रमेश सिन्हा, चमन साहू, लोकेश चन्द्राकर, रुपनाथ बंजारे उपाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं ने किए महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन, सुख-समृद्धि की कामना की

**नवापारा-राजिम।** उड़ीसा के पुरी में प्रभु श्री जगन्नाथ के पावन धरती गोवर्धन मठ शंकराचार्य निश्चला नंद सरस्वती जी के आश्रम में सामूहिक धनराशि से आयोजित श्री मदभागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन हुआ। इस आयोजन में नवापारा राजिम, आरंग, अभनपुर, क्षेत्र से कोई 300 श्रद्धालुजन पहुंचे। चूंकि वहां श्रीमदभागवतगीता के कथाकार सौभाग्य से राजिम के भगवताचार्य पंडित जयशंकर मिश्रा थे। बताया कि प्रथम दिवस भगवान समुद्र देव को चुनरी अर्पित कर ये भक्त विशाल जुलूस के रूप में पैदल चलते हुए पहुंचे। भगवताचार्य पंडित मिश्रा के साथ समुद्र स्नान कर सूर्य देवता को अर्ध्य देकर अपने ईष्ट देव सहित पितरों को तर्पण किया गया। एवं भगवान श्री जगन्नाथ धाम मंदिर में विराजमान तीनों देवों की पूजा अर्चना की गई। मंदिर में ध्वजारोहण पूजा का दर्शन किये। भक्त भुनेश्वर स्थित लिंगराज महादेव एवं कोणार्क के विश्वप्रसिद्ध सूर्य मंदिर के दर्शन और चन्द्रभागा स्थित बंगाल की खाड़ी को प्रणाम करते हुए पुनः गोवर्धन पीठ आकर भागवत महापुराण कथा श्रवण करने का आनंद लेते रहे। इस आयोजन को विशेष रूप से मार्गदर्शन करने भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज का साथ मिला। रेलवे कोच बर्थ सामूहिक बल्क बुकिंग की अनुशंसा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया। विधायक इन्द्रकुमार साहू ,पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य किशन साहू इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिए। इसके साथ ही शीतकुमार साहू बाबू भगत,,रविशंकर साहू,मनीषा साहू ,मंजू यादव,आनंद श्रीवास्तव शामिल थे।



